श्री मो॰ फारूक, माननीय स.वि.प. से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या-01/204/54 से उद्भूत आश्वासन संख्या-02/204 का अनुपालन प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर/ आश्वासन	अनुपालन प्रतिवेदन
(क) क्या यह सही है कि बागमती पुरानी धार (बेलवा-मीनापुर लिंक चैनल) का डी.पी.आर. स्वीकृति की प्रत्याशा में महीनों से विभाग में लबित है (ख) क्या यह सही है कि बागमती बाढ़ प्रबंधन योजना के तहत निर्माण कार्य एकरारनामा के अनुसार असैनिक कार्य समाप्ति की तिथि 30.08.2021 तथा याँत्रिक कार्य समाप्ति की तिथि 05.05.2023 थी परतु अभी तक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है,	अस्वीकारात्मक। वस्तुस्थिति यह है कि शिवहर जिला के पिपराही प्रखंड अन्तर्गत बागमती बूढ़ी गंडक नदी जोड़ योजना (बेलवाधार) के अन्तर्गत बेलवा-मीनापुर लिंक चैनल कार्य की स्वीकृति मंत्रिपरिषद्, बिहार द्वारा दिनांक-27.06.2023 को दी गयी है, जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति एवं व्यय की राशि रू. 13088.57 लाख है तथा निविदा आमंत्रण दिनाक-03.07.2023 को किया जा चुका है। इस योजना के तहत निम्नांकित कार्य कराया जाना है:- 1. 68.80 कि.मी. की लम्बाई में लिंक चैनल का निर्माण तथा रिसेक्सनिंग का कार्य। 2. कम वाटर वें वाले अनुपयुक्त सात अदद् पुल/पुलियों को हटाये जाने का कार्य। 3. रूपांकित वाटर वे के अनुरूप 10 अदद् पुल/पुलियों का निर्माण कार्य। इस योजना के कार्यान्वयन होने से लगभग 1.35 लाख हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी एवं 34 लाख आबादी को इसका लाभ मिलेगा।	बागमती बाढ़ प्रबंधन योजना के तहत बेलवा हेड रेगुलेटर संरचना का निर्माण यांत्रिक कार्य सहित पूर्ण किया जा चुका है। साथ ही शिवहर जिला के बेलवा से मुजफ्फरपुर जिला के मीनापुर तक बागमती नदी की पुरानी धारा (बेलवाधार) में गाद उड़ाही कार्य कराया गया है। बागमती नदी के जलस्तर के अनुरूप लगातार बेलवा में निर्मित हेड रेगुलेटर द्वारा बेलवा मीनापुर लिंक चैनल (बेलवाधार) में नियंत्रित जल प्रवाहित किया जा रहा है। अतः इस आश्वासन को विलोपित किया जा सकता है।
(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार निर्माणाधीन डैम का कार्य पूर्ण कबतक कराने का विचार रखती है. यदि हाँ तो कबतक ?	वस्तुस्थिति यह है कि बागमती बाढ़ प्रबंधन योजना के अन्तर्गत बेलवाधार स्थल पर हेड रेगुलेटर का निर्माण, तटबंध का निर्माण एवं सुरक्षात्मक कार्य कराया जा रहा है। हेड रेगुलेटर का असैनिक कार्य पूर्ण हो चुका है एवं यात्रिक कार्य प्रगति पर है, जिसे दिनांक 05.05.2024 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है।भू-अर्जन के कारण तटबंध निर्माण कार्य की प्रगति धीमी है। भू-अर्जन की कार्रवाई आपात प्रक्रिया के तहत जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, शिवहर एवं पूर्वी चम्पारण के द्वारा किया जा रहा है। भू-अर्जन होने के उपरान्त तटबंध निर्माण का कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा।	

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0प0आ0(मुज0)–12–02 / 2023– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, बिहार, पटना को 204वें सत्र में उनके ज्ञापांक–872(6) दिनांक–13.06.2024 से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–01 / 204 / 54 से उदभूत आश्वासन सं0–02 / 204 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनुप रंजन पाण्डेय)
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0आ0(मुज0)–12–02 / 2023– पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनुप रंजन पाण्डेय)
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0आ0(मुज0)–12–02 / 2023– पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि– अवर सचिव, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनुप रंजन पाण्डेय)
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0आ0(मुज0)–12–02 / 2023– 4434 पटना, दिनांक– 06/10/26
प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

06.10.26
(अनुप रंजन पाण्डेय)
सरकार के अवर सचिव
06.10.26